RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 04 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 101 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र कैबिनेट का बड़ा फैसला

# जन स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में मिलेगा अब मुफ्त इलाज



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में अब से जन स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त इलाज मिल पाएगा. कैबिनेट में इसको लेकर बड़ा फैसला किया गया है. कैबिनेट के इस फैसले से प्रदेश के गरीबों और जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलने के आसार हैं. इस फैसले की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री डॉ.तानाजी सावंत ने दी है. कैबिनेट के फैसले में बताया गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार राइट टू हेल्थ नागरिकों का अधिकार है. इसी के तहत मुफ्त इलाज की व्यवस्था की जा रही है.

## मनोरोगियों की समस्याओं पर बैठक की गई गंभीर चर्चा

इस बैठक में मनोरोग से पीड़ित लोगों को भर्ती करने, उनकी मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त करने के साथ-साथ उन्हें परिवहन, भर्ती, पुनर्वास में आने वाली कठिनाइयों पर भी चर्चा की गई. मंत्री सावंत की अध्यक्षता में हुई इस बैठक सेवा आयुक्त धीरज कुमार, स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. स्वप्निल लाले, विधि एवं न्याय विभाग, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव अशोक अत्राम, स्माइल प्लस फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष योगेश मलखरे तथा गृह विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे.

## राज्य में 2418 करोड़ जन स्वास्थ्य विभाग के संस्थान

महाराष्ट्र के इन सभी अस्पतालों में एक साल में करीब 2.55 करोड़ नागरिक इलाज के लिए आते हैं. राज्य में जन स्वास्थ्य विभाग के कुल 2418 संस्थान हैं, इन सभी जगहों पर मरीजों को मुफ्त इलाज मिलेगा. उधर, स्वास्थ्य मंत्री तानाजीराव सावंत की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बुधवार को बैठक की गई. इस बैठक में मानसिक रोगियों की समस्या पर चर्चा की गई और उनकी मदद कैसे की जा सकती है, इस पर सभी की राय मांगी गई.

# सायन अस्पताल में गंदगी का साम्राज्य

# निजी संस्था को साफ सफाई का काम सौंपना पड़ा भारी

मुंबई। सायन अस्पताल में गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। इलाज के लिए आने वाले मरीज और गंदगी से बीमार हो रहे है।इसी तरह के ई एम अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन नही चलने से मरीजों को लंबे समय तक इलाज के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। मनपा अस्पतालो में मरीजों का बुरा हाल हो रहा है इस तरह का मुद्दा विधानपरिषद में विधायक राजहंस ने प्रश्न काल में उठाया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा इस मामले पर लिखित जवाब दिया गया जिसमे सायन अस्पताल में साफ सफाई का जिम्मा निजी संस्था को सौंपे जाने के बाद साफ सफाई नही होने की जानकारी देते हुए ठेकेदार पर 12 लाख का दंड लगाए जाने की जानकारी दी और कहा कि अस्पताल की साफ सफाई आगे ठीक से नही की गई तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

विधानपरिषद में मनपा अस्पतालो की खस्ता हाल को लेकर विधायक राजहंस सिंह ने मुद्दा उपस्थित किया।राजहंस सिंह ने आरोप लगाया की सायन अस्पताल में मरीज ईलाज के लिए भर्ती हो रहें है कि नई बीमारी लेने के लिए भर्ती हो रहे है।सायन अस्पताल में गंदगी का यह हालत है कि अस्पताल परिसर में जाना मुश्किल हो गया है। इलाज के लिए भर्ती मरीजों की खाट के पास गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है।राजहंस सिंह ने आरोप लगाया कि जिस कंपनी को मनपा ने साफ सफाई करने का ठेका दिया है मनुष्य बल पूरी तरह नही लगाया जा रहा है जिससे सफाई नही हो रही है और अस्पताल परिसर में गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है।राजहंस सिंह ने परेल स्थित केईएम अस्पताल में भी सीटी स्कैन मशीन नही चलने से मरीजों को सिटी स्कैन के लिए 3 से 4 महीने का वेटिंग करना पड़ रहा है।मरीजों का अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन नही चलने से इलाज मिलने में देरी हो रही है। भाजपा विधायक के उठाए सवालों पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लिखित जानकारी दी है कि सायन अस्पताल में साफ सफाई को लेकर मनपा ने निजी ठेकेदार नियुक्त किया है।निजी ठेकेदार द्वारा साफ सफाई के लिए जितना मनुष्य बल होना चाहिए वह उपयोग नहीं किया गया।जिससे अस्पताल की साफ सफाई नही हो पा रही है।मुख्यमंत्री ने जानकारी दी है कि ठेकेदार द्वारा ठीक से सफाई नही किए जाने पर ठेकेदार पर मनपा की ओर से 19 लाख 13 हजार रूपया दंड लगाया गया है।

## मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का दिया आश्वासन...



# बेस्ट कर्मचारियों का बढ़ा दायरा पूरे मुंबई के बस डिपो पर कर्मचारी हड़ताल पर...

## यात्रियों का बुरा हाल ।

## बस डिपो से नही निकली 1 हजार से अधिक बस, अधिवेशन में भी गूंजा मामला



**मुंबई :** बेस्ट उपक्रम की भाड़े पर ली गई बसों के कर्मचारियों द्वारा लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल पर बने रहने से यात्रियों का बुरा हाल हुआ। बेस्ट की लगभग एक हजार से अधिक बस सड़क पर नही उतरी जिससे यात्रियों का बुरा हाल हुआ। गुरुवार को भी बस कर्मचारियों की मांगों पर कोई निर्णय नहीं होने से हड़ताल और लंबा खींचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बेस्ट कर्मचारियों की हड़ताल का मामला अधिवेशन में भी उठा।भाजपा विधायक मिहिर कोटेचा ने यात्रियों का हो रहे बुरा हाल हो रहा है। कर्मचारियों द्वारा वेतन बढ़ोत्तरी सहित कई अन्य प्रकार की मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे है। उल्लेखनीय है कि बेस्ट के लगभग 1 हजार से अधिक कर्मचारी वेतन बढ़ोत्तरी से लेकर कई अन्य प्रकार की मांग को लेकर हड़ताल पर गए है। बेस्ट की लगातार दूसरे दिन हड़ताल से यात्रियों का बुरा हाल हो रहा है ।बेस्ट प्रशासन कर्मचारियों की बुधवार से शुरू हुई हड़ताल गुरुवार को और विकराल रूप धारण कर लिया।बुधवार को जहा मात्र 500 से कम कर्मचारी हड़ताल पर थे इसकी संख्या दोगुनी हो गई।गुरुवार को एक हजार से अधिक बस सड़क बाहर नहीं निकली बेस्ट के लगभग 1500 कर्मचारी हड़ताल पर चले गए है।



## बेस्ट कर्मचारियों की हड़ताल का मामला अधिवेशन में भी गूंजा...

विधानसभा में भाजपा नेता मिहिर कोटेचा ने राज्य सरकार से गुहार लगाई कि बेस्ट कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जानें से यात्रियों का बुरा हाल हो रहा है।उन्होंने बेस्ट महाव्यवस्थापक से भाड़े पर ली गई बसों के मालिको से बात कर कर्मचारियों की मांग पर ठोस निर्णय लेने की मांग रखी।यात्रियों की हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए आगे हड़ताल कर्मचारी न करे इसका कंपनी मालिक से आश्वासन लेने की बात कही। विधानपरिषद में उद्धव शिवसेना के नेता सचिन अहीर ने मामला उठाते हुए यात्रियों का बुरा हाल होने पर बेस्ट के महाव्यवस्थापक का ढीला रवैया का आरोप लगाया और निजी कम्पनी के मालिक से बात कर हड़ताल को खत्म करने की मांग रखी ।



# संपादकीय / लेख



## भड़काऊ भाषण

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

नूंह के साथ हरियाणा के अन्य क्षेत्रों में हुई हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली की सरकारों को नफरती भाषणों पर रोक लगाने और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा बल मंगाने के जो निर्देश दिए, वे समय की मांग के अनुरूप हैं। वास्तव में नफरती भाषण रोकने के निर्देश सभी राज्य सरकारों को देने चाहिए, क्योंकि ऐसे भाषण किसी राज्य विशेष तक सीमित नहीं हैं। भड़काऊ भाषण को परिभाषित करने की भी आवश्यकता है, क्योंकि किसी बात को कोई नफरती घोषित कर देता है तो कोई उसे कटु आलोचना के रूप में व्याख्यायित करता है। एक समस्या यह भी है कि किसी के नफरती भाषण पर तो खूब शोरगुल मचता है, लेकिन किसी अन्य के ऐसे ही भाषण की अनदेखी कर दी जाती है। यह अनदेखी राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों, मीडिया के एक हिस्से और यहां तक कि कभी-कभी अदालतों की ओर से भी कर दी जाती है। कई बार तो घोर आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आवरण पहना दिया जाता है।

न जाने कितने नफरती भाषण ऐसे रहे, जिनमें किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। नूंह की हिंसा के मामले में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भड़काऊ भाषण दोनों पक्षों की ओर से दिए गए। स्पष्ट है कि दोनों पक्षों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए कि नफरती तत्वों को जरूरी सबक मिले। वे चाहे दक्षिणपंथी हों या वामपंथी अथवा अन्य किसी वैचारिक या मजहबी समूह के। भड़काऊ भाषणों पर कार्रवाई के मामले में दोहरे मानदंड समस्या को बढ़ाने वाले ही सिद्ध हो रहे हैं। यह जो साबित करने की कोशिश हो रही है कि ऐसे भाषण केवल किसी एक विशेष समूह या विचारधारा से जुड़े लोग ही दे रहे हैं, वह एक शरारती एजेंडा है और उसे बेनकाब करने की आवश्यकता है।

नूंह की हिंसा के मामले में आवश्यकता इसकी भी है कि उसके पीछे के कारणों की तह तक जाया जाए, क्योंकि इतनी भीषण हिंसा बिना किसी सुनियोजित साजिश के नहीं हो सकती। यदि नूंह में इतनी भयावह हिंसा नहीं होती और जलाभिषेक यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के साथ पुलिस को निशाना बनाने के अलावा बड़े पैमाने पर आगजनी, गोलीबारी और लूटपाट नहीं की जाती तो संभवतः उसकी प्रतिक्रिया में अन्य इलाकों में जो हिंसा हुई, उससे बचा जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट की ओर से समाज को भी ऐसा कोई संदेश जाना चाहिए कि नफरत का जवाब नफरत और हिंसा का जवाब हिंसा नहीं हो सकती। सभी को यह समझना ही होगा कि शांति और सद्भाव का वातावरण ही उनके और देश के हित में है। यदि समाज अपने नैतिक और नागरिक दायित्वों को लेकर नहीं चेतता तो फिर चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाने से भी बात बनने वाली नहीं। इतने बड़े देश में यह काम आसानी से संभव भी नहीं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने राज्य सरकार को घेरा

मुंबई, राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर कल विधानसभा में विपक्षी दलों के प्रस्ताव पर बोलते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात ने राज्य सरकार को घेरा। कांग्रेस विधायक दल के नेता थोरात ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। महिलाओं और लड़कियों के गायब होने की दर चिंताजनक है। पिछले तीन महीने में ५,६०० लड़कियां गायब हो चुकी हैं। दहेज और महिला उत्पीड़न के मामले भी बढ़े हैं। यह महाराष्ट्र जैसे प्रगतिशील राज्य को शोभा नहीं देता है। राज्य के शहर अपराध के अड्डे बनते जा रहे हैं।



बालासाहेब थोरात ने कहा कि शहर में बढ़ते अपराध का मुद्दा मैं पहले भी सदन में उठा चुका हूं। इस वजह से शहरवासियों में भय व बेचैनी का माहौल है। थोरात ने आगे कहा कि जैसे-जैसे राज्य में चुनाव नजदीक आ रहे हैं। राज्य का माहौल जानबूझकर खराब करने की कोशिशें की जा रही हैं। जाति और धर्म के नाम पर समाज में लोगों के बीच भेदभाव पैदा किया जा रहा है। कुछ लोग भड़काऊ भाषण देकर अशांति पैष्ठला रहे हैं। ऐसे भड़काऊ भाषण देनेवालों का गिरोह प्रदेश में सक्रिय हो गया है। आखिर हम महाराष्ट्र को कहां ले जाना चाहते हैं? इसके बारे में सोचने का समय आ गया है। क्या हम महाराष्ट्र को भी मणिपुर और हरियाणा के रास्ते ले जाएंगे? थोरात ने ऐसा ज्वलंत सवाल सदन में उठाया। महापुरुषों के अपमान के संबंध में बोलते हुए थोरात ने कहा, 'इंडिया पोस्ट, इंडिकेटर्स, भारद्वाज स्पीक के लोग कौन हैं? इनके पीछे का मास्टरमाइंड कौन है? सरकार को इसका पता लगाना चाहिए। उनकी हिम्मत वैष्ठसे हुई इतने निचले स्तर पर जाकर सावित्रीबाई फुले पर कुछ कहने या लिखने की? अगर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो महाराष्ट्र की जनता को लगेगा कि सब कुछ सरकार के आशीर्वाद से चल रहा है।' थोरात ने कहा कि भिड़े जैसा विकृत व्यक्ति बार-बार महात्मा गांधी, महात्मा फुले, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले का अपमान कर रहा है और सदन में इस बारे में बोलने की इजाजत भी नहीं है। वास्तव में ऐसे विकृत लोगों को जंजीरों से बांधकर जेल में डाल देना चाहिए। सरकार को इन सवालों का जवाब देना चाहिए। मुख्यमंत्री शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत दादा और भुजबल साहब सत्ता में आकर शांत हो गए। अजीत दादा, भुजबल साहब हम सभी प्रगतिशील विचारोंवाले नेता हैं। बाला साहेब थोरात ने इन नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि ये सभी नेता आज सत्ता में शामिल होने के बाद शांत बैठ गए हैं।

# रडार पर बॉलीवुड के चार बड़े फाइनेंसर



**मुंबई** : बॉलीवुड के जाने-माने आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने बुधवार तड़के अपने कर्जत स्थित स्टूडियो में खुदकुशी कर ली। इस मामले में पुलिस के रडार पर बॉलीवुड के चार बड़े फाइनेंसर हैं। पुलिस उनसे जल्द ही पूछताछ कर सकती है। पूछताछ का आधार पुलिस ने नितिन के मोबाइल फोन में मिले ऑडियो को बनाया है। पुलिस का कहना है कि उन चारों लोगों का बयान दर्ज किया जाएगा।

सूत्रों की मानें तो नितिन पर करीब २५० करोड़ रुपए का कर्ज था। उनकी कंपनी एन डी स्टूडियो कर्ज में थी। नितिन ने एक कंपनी से १८० करोड़ रुपए कर्ज लिया था। ब्याज मिलाकर कर्ज की रकम २५० करोड़ रुपए हो चुकी थी। कंपनी ने वसूली के लिए कानूनी कदम उठाए थे और वहां के जिलाधिकारी को भी स्टूडियो जब्त करने का प्रस्ताव भी दिया था। इस प्रस्ताव के बाद एन डी स्टूडियो के सील होने की भी आशंका बनी हुई थी। नितिन की कंपनी एन डी आर्ट्स वर्ल्ड प्रा. लि. ने एक कंपनी के जरिए १८५ करोड़ रुपए का लोन दो बार में लिया था। पहला लोन २०१६ में जबकि दूसरा लोन २०१८ में लिया था। देसाई के मैनेजर के मुताबिक, नितिन की उम्र ५८ साल थी। वे अपना ज्यादातर वक्त इसी स्टूडियो में बिताते थे। देसाई मंगलवार, रात १० बजे अपने कमरे में चले गए थे। सुबह काफी देर तक वो बाहर नहीं आए तो उनके बॉडी गार्ड और अन्य लोगों ने दरवाजा खटखटाया। खिड़की से देखा तो देसाई का शव पंखे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक १० लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

# पत्रकार की पिटाई करने के आरोप में दो ऑटोरिक्शा चालक गिरफ्तार



**मुंबई** : मुंबई में एक यूट्यूब समाचार चैनल के पत्रकार की पिटाई करने के आरोप में दो ऑटोरिक्शा चालकों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना मंगलवार रात बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स (बीकेसी) इलाके में हुई थी. पुलिस ने बताया कि 48 वर्षीय पत्रकार ने एक ऑटोरिक्शा चालक से उसे और उसके सहयोगी को कुर्ला रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए कहा. इसपर ऑटोरिक्शा चालक ने कहा कि उन्हें सीट साझा करने के आधार पर पैसे देने होंगे, न कि मीटर के हिसाब से. पुलिस के मुताबिक, इस बात को लेकर दोनों (पत्रकार और ऑटोरिक्शा चालक) पक्षों के बीच बहस हो गई और पत्रकार ने ऑटो चालक को पास के बीकेसी पुलिस थाने ले जाने को कहा. पुलिस ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि चालक, पत्रकार को पुलिस थाने के समीप एक स्थान पर ले गया, जहां उसने अपने दोस्त और दूसरे ऑटोरिक्शा चालक को फोन कर बुला लिया. पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों ने पत्रकार की कथित रूप से पिटाई की. पुलिस के मुताबिक, पत्रकार के शिकायत दर्ज कराने के बाद आरोपियों को पास के भरत नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता तथा मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.




# महाराष्ट्र एटीएस की बड़ी कार्रवाई...

## देश में अवैध रूप से रहने वाले नौ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र एटीएस ने मुंबई और नवी मुंबई में अलग-अलग अभियानों में देश में अवैध रूप से रह रहे नौ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि इनमें से दो बांग्लादेशी नागरिक 2022 में नवी मुंबई के नेरुल पुलिस स्टेशन में दर्ज दुष्कर्म के एक मामले में वांछित थे। अधिकारी ने कहा, वैध दस्तावेजों के बिना देश में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ एक सप्ताह तक कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया।26 जुलाई को नवी मुंबई के नेरुल गांव में छापेमारी में एटीएस अधिकारियों ने एक बांग्लादेशी महिला को पकड़ा। उन्होंने कहा, यह महिला 2009 में मुंबई अपराध शाखा द्वारा दर्ज एक मामले में वांछित थी। अधिकारी ने कहा, उसके अलावा दुष्कर्म मामले में वांछित दो लोगों को भी सैटेलाइट सिटी से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि अगले दिन यानी 27 जुलाई को एटीएस के अधिकारियों ने मुंबई के बायकुला में छापेमारी की और पासपोर्ट अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में वांछित चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य छापेमारी में दो बांग्लादेशी नागरिकों को मध्य मुंबई से पकड़ा गया।

**धोखे से दूसरे धर्म की लड़की से शादी से निपटने को बनेगी एसओपी**

महाराष्ट्र में पहचान छिपाकर दूसरे धर्म की लड़की से शादी करने के मामलों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी। राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र




फडणवीस ने बुधवार को औरंगाबाद जिले में असामाजिक तत्वों की ओर से हिंदू लड़कियों को बहकाए जाने के मुद्दे पर राज्य विधानसभा में चर्चा के दौरान यह बात कही। विधानसभा में कुछ विधायकों ने दावा किया था कि राज्य में असामाजिक तत्व हिंदू लड़कियों को बहका रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि वह राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक एसओपी तैयार करने को कहेंगे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सभी पुलिस थानों को संवेदनशील किया जाएगा और यदि उपयुक्त कार्रवाई नहीं की गई तो संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

**महाराष्ट्र में भी 'लव जिहाद' के खिलाफ कानून बनाने की मांग**


वहीं, भाजपा के दो एमएलसी प्रवीण दरेकर और प्रसाद लाड ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर महाराष्ट्र में 'लव जिहाद' के खिलाफ कानून बनाने की मांग की है। बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद में मुद्दा उठाते हुए दरेकर ने आरोप लगाया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में फर्जी नामों का इस्तेमाल कर हिंदू लड़कियों को धोखा दिया जाता है और फिर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है। बाद में उनके साथ मारपीट की जाती है और छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने एक साहसिक निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाया है। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी लव जिहाद पर कानून बनाया जाना चाहिए।

**महाराष्ट्र में भी 'लव जिहाद' के खिलाफ कानून बनाने की मांग**

**वहीं, भाजपा के दो एमएलसी प्रवीण दरेकर और प्रसाद लाड ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर महाराष्ट्र में 'लव जिहाद' के खिलाफ कानून बनाने की मांग की है। बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद में मुद्दा उठाते हुए दरेकर ने आरोप लगाया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में फर्जी नामों का इस्तेमाल कर हिंदू लड़कियों को धोखा दिया जाता है और फिर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है। बाद में उनके साथ मारपीट की जाती है और छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने एक साहसिक निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाया है। उत्तर प्रदेश की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी लव जिहाद पर कानून बनाया जाना चाहिए।**

# 'गर्डर लॉन्चर' के गिरने से पहले बिजली के खंभे में दिखी थी 'भीषण चिंगारी'

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक दिन पहले समृद्धि एक्सप्रेसवे के लिए एक पुल के निर्माण के दौरान 'गर्डर लॉन्चर' के गिरने से पहले उसे बिजली प्रदान करने वाले बिजली के खंभे में एक भीषण चिंगारी (बिग स्पार्क) दिखी थी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर दूर शाहपुर तहसील के सरलांबे गांव में सोमवार आधी रात के कुछ समय बाद हुई। अधिकारियों ने कहा कि कुछ घंटों बाद पुलिस ने घटना के संबंध में नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें 10 मजदूरों सहित 20 लोगों की मौत हो गई और



तीन अन्य लोग घायल हो गए। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने एक विज्ञप्ति में इसके पहले कहा था कि सेगमेंट लॉन्चर (क्रेन) और गर्डर लॉन्चर (700 टन वजनी) 35 मीटर की ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। इसमें कहा गया है कि यह घटना नवयुग इंजीनियरिंग और वीएसएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर द्वारा 2.28 किमी लंबे पुल के निर्माण के दौरान हुई। घायल मजदूरों में से एक, जिसकी पहचान 33 वर्षीय प्रेमप्रकाश अयोद्धा के रूप में हुई है, ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र सरकार ने विशेषज्ञों से घटना की जांच कराने के आदेश दिए हैं। अपनी शिकायत में अयोद्धा ने कहा कि 31 जुलाई को उसने ड्यूटी के लिए रात आठ बजे उपस्थिति दर्ज कराई और उस समय मौके पर करीब 18 मजदूर, आठ से 10 इंजीनियर तथा कुछ पर्यवेक्षक मौजूद थे। शिकायतकर्ता ने प्राथमिकी में कहा, ''हम रात 11 बजे गर्डर लॉन्चर मशीन पर काम कर रहे थे। अचानक गर्डर लॉन्चर को बिजली मुहैया कराने वाले बिजली के खंभे में भीषण चिंगारी दिखी, जिसके कारण हम मशीन (गर्डर लॉन्चर) के साथ नीचे गिर गए। मैं और मेरे कुछ सहयोगी इसके नीचे फंस गए।'' उन्होंने कहा कि पीड़ितों की चीख सुनकर अन्य मजदूर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा बचाव कार्य शुरू किया।

# संभाजी भिड़े को लेकर नहीं थम रहा विवाद, उद्धव ठाकरे ने देवेंद्र फडणवीस पर बोला हमला, कहा- वे उन्हें गुरूजी...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में संभाजी भिड़े को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. उद्धव ठाकरे ने कहा, मैं संभाजी भिड़े के बारे में क्या कह सकता हूं? हुक्मरानों को इस पर बात करनी चाहिए. मैं हर बात पर हर बार कैसे प्रतिक्रिया करूं? संभाजी भिड़े के सवाल का जवाब देते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा है कि राजनेताओं को बताना चाहिए कि क्या सही है और क्या गलत. कुछ समय पहले पत्रकारों से बातचीत के दौरान उद्धव ठाकरे ने ये बयान दिया था. साथ ही उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर फड़णवीस भिड़े को गुरुजी कह रहे हैं तो उन्हें सब कुछ सही-सही बोलना चाहिए.

**उद्धव का देवेंद्र फडणवीस पर निशाना**

हम भविष्य की ओर देखे बिना इतिहास को दोहरा रहे हैं.



इससे कुछ हासिल नहीं होगा. इतिहास से उलझने और देश और प्रदेश को खत्म करने का यह तरीका खतरनाक है.' इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि उम्मीद है कि भिड़े गुरुजी अपने छात्रों को अच्छी शिक्षा देंगे. उद्धव ठाकरे ने आगे कहा, जब मैं मुख्यमंत्री था तो मैंने महिलाओं के बारे में भाषण दिया था. हमने शक्ति एक्ट भी लाया था. एक महिला को विधान परिषद का उपाध्यक्ष बनाने वाली शिवसेना का इस पर चर्चा न करने का व्यवहार अप्रत्याशित है. सोच इतनी कैसे बदल गई? यह कहते हुए उद्धव ठाकरे ने बिना नाम लिए नीलम गोरे की आलोचना की है.

**क्या बोले देवेंद्र फडणवीस?**

महाराष्ट्र में संभाजी भिड़े के विवादित बयान को लेकर उनकी गिरफ्तारी की मांग की जा रही है. उस घटना का असर कल भी विधानसभा में दिखा. इस पर जितेंद्र आव्हाड ने भी आक्रामक रुख अपनाया. संभाजी भिड़े के बयान पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी आक्रामक होते दिखे. उस पर प्रतिक्रिया देते हुए देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि उन्हें भिड़े गुरुजी कहा जाता है. तो हम कहते हैं गुरुजी, हमारे लिए तो वो गुरुजी हैं. इस बारे में जब उद्धव ठाकरे से सवाल पूछा गया तो उन्होंने इसी वाक्य पर देवेंद्र फड़णवीस की आलोचना की.



# एकतरफा प्यार की सनक!

## युवती को जान से मारने की कोशिश



**वसई :** जिले के वसई में रहने वाली एक युवती के घर में घुसकर मारपीट करने की घटना सामने आई है। इस हमले में युवती घायल हो गई है। वही वालीव पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता लडकी 19 साल की है और वह वसई के एक कॉलेज में पढ़ती है। मंगलवार दोपहर को जब वह घर पर अकेली थी। तभी लडकी के पहचान का युवक उनके घर में घुस आया। उसने कपड़े से उसका गला घोंट कर जान से मारने की कोशिश की। घायल अवस्था में ही आरोपी पीड़ित लड़की को घर में बंद करके भाग गया। पीड़िता के लिए चिल्लाने पर पड़ोसी महिलाओं ने उसे बचाया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है । वालिव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कैलास बर्वे ने बताया कि पीड़िता लड़की के शिकायत के आधार पर आरोपी आमन मदेशिया के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। वही पुलिस का कहना है कि यह घटना एकतरफा प्यार के कारण हुई है।

# ठाणे मनपा में एक और बड़ा घोटाला किए जाने की चर्चा

**ठाणे :** ईडी की कार्रवाई झेल चुके शिंदे गुट के विधायक प्रताप सरनाईक की संस्था को अवैध रूप से शैक्षणिक भूखंड सौंपने का खुलासा हुआ है। दरअसल, ठाणे शहर में विकास योजना के अंतर्गत आरक्षित भूखंडों को शैक्षणिक नीति के तहत निजी संस्थानों को देने का निर्णय लिया गया था। लेकिन मनपा प्रशासन ने मनपा के ट्रस्टी पार्षदों की संस्थाओं को अवैध रूप से भूखंड आवंटित किया है। ऐसे में ठाणे मनपा में एक और बड़ा घोटाला किए जाने की चर्चा होने लगी है।



बता दें कि वर्ष २०१४ की महासभा में शैक्षणिक भूखंड निजी संस्थाओं को देकर शैक्षणिक संस्थाए शुरू करने का निर्णय लिया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 'सिद्धेश चैरिटेबल ट्रस्ट-कासरवडवली' के अध्यक्ष विधायक प्रताप सरनाईक हैं और उनकी पत्नी परीशा सरनाईक इस संस्था की नगरसेविका और ट्रस्टी हैं। यह भूखंड २०१७ में अवैध रूप से उनकी संस्था को आवंटित किया गया है। इसी तरह से कई नगरसेवकों की संस्थाओं को शैक्षणिक भूखंड आवंटित किए गए हैं। इस मामले की गहनता से जांच की जाए तो शैक्षणिक भूखंड आवंटन में हुए बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है। दिलचस्प बात यह है कि भूखंड आवंटन के आठ साल बाद भी ये शिक्षा संस्थान अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। इससे छात्रों की शैक्षणिक क्षति के साथ-साथ मनपा प्रशासन को करोड़ों का नुकसान हुआ है। ऐसे में आरक्षित भूखंड के इस 'श्रीखंड' को चुराने की योजना किसकी है, यह सवाल उठने लगा है।

सिद्धेश चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनपा प्रशासन को पाचपाखड़ी क्षेत्र में ३,३०० वर्ग मीटर का प्लॉट देने का अनुरोध किया था। फिर इस संस्था को कासरवडवली में ५,६८४ वर्ग मीटर का प्लॉट देने का निर्णय मनपा ने लिया। इन भूखंडों को स्थानीय शिक्षा संस्थानों को ५० से ५५ प्रतिशत और अन्य संस्थानों को ३६ से ५० प्रतिशत की रियायती दरों पर देने की मनपा की नीति है। नेताओं की मिलीभगत से इसका उल्लंघन करते हुए पाचपाखड़ी में प्लॉट सिद्धेश चैरिटेबल ट्रस्ट को दे दिया गया। हालांकि, इस जगह पर अतिक्रमण के चलते प्रशासन ने कासरवडवली में पुनः प्लॉट दे दिया था। प्रशासन ने नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया को दरकिनार कर यह विवादित प्रस्ताव आगे बढ़ाया था।

# कई इलाकों में आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत नहीं बदली

**पालघर :** पालघर जिले को बने ९ साल बीत चुके हैं, लेकिन यहां के कई इलाकों में आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत नहीं बदली है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत सुधारने से लेकर उन्हें प्ले ग्रुप मॉड्यूल स्कूल पूर्व शिक्षा समेत अन्य कई सुविधाएं देने के दावे भले ही सरकार कर रही हो, लेकिन इन दावों को हकीकत में बदलने के लिए जो भवन चाहिए, वह भी इनके पास खुद का नहीं है। नौनिहाल जर्जर भवनों में बैठने को मजबूर हैं। कई इलाकों में आंगनबाड़ी केंद्र का खुद का भवन नहीं है। निजी कमरे, अन्य सरकारी भवनों या प्राथमिक स्कूलों और समाज मंदिर में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। इससे आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चे इधर-उधर घूमते रहते हैं। आदिवासी इलाकों में कुपोषण हटाने से लेकर अन्य सुविधाएं भी आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम



से ही इन बच्चों तक पहुंचनी है। ऐसे में अब सवाल खड़ा हो रहा है कि बिना भवन के बच्चों का भविष्य कैसे बनेगा?

पालघर जिला स्थापना के ९ साल बाद भी शिक्षा, कुपोषण, स्वास्थ्य, सड़कों व पानी की कमी जैसी समस्याएं व्याप्त हैं। जिले में ३,१८२ आंगनबाड़ी केंद्र हैं, लेकिन इसके लिए ३० प्रतिशत से ज्यादा इस जिले की अपनी इमारतें नहीं हैं। कुछ निजी प्रांगण हैं। भवन, कुछ प्राथमिक विद्यालयों तथा सामुदायिक मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कई वर्षों के संघर्ष के बाद तत्कालीन सरकार ने जनता के आगे झुकते हुए शहरी-समुद्री और पहाड़ी इलाकों में पैछले ठाणे जिले को १ अगस्त २०१४ को बांट दिया गया और पालघर एक नया जिला बना। नए जिले में शामिल आठ तालुकों में से वाडा, विक्रमगड, जव्हार, मोखाडा, तलासरी, डहाणू, पालघर में जनजातीय आबादी के बहुमत के कारण पालघर महाराष्ट्र के आदिवासी जिले के रूप में जाना जाने लगा। आदिवासी जिला होने के कारण लोगों को उम्मीद थी कि इस जिले में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की बाढ़ आ जाएगी। लेकिन आज ९ साल बाद भी विकास योजनाओं का लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंचा है। यहां के ग्रामीणों को आज भी कुपोषण, शिक्षकों की कमी, सड़कों की दुर्व्यवस्था, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

# आरपीएफ ने ट्रेनों पर पत्थर न मारने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**विरार :** रेल परिसर स्वच्छ व ट्रेनों पर पत्थर न मारने आदि गंभीर बिंदुओं को लेकर आए दिनों विभिन्न रेलवे स्टेशनों के आरपीएफ द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों व आसपास के रहने वालों को सचेत करती है। इसी क्रम में 31 अगस्त को डीवाय. एसएस/विरार द्वारा गाड़ी स.82902 अप (तेजस एक्स.) पर पत्थर मारने की सूचना पर आरपीएफ निरीक्षक (विनीत कुमार) विरार, उपनिरीक्षक खिमानंद,सहा. उपनिरीक्षक हसमुख भाई व टीओपीबी स्टाफ विरार-वैतरना के मध्य गए। जहां पर केएम नं. 60/10 से 61/18 तक स्टाफ को अलग-अलग दिशाओं में भेजा गया,इस दौरान हेड का. कैलाश जाधव व का.राकेश तवर को केएम नं.61/01- 02 के पूर्व तरफ एक बच्चा पत्थर उठाकर ट्रेक पर फेक कर शरारत करते हुए दिखाई दिया।



स्टाफ को नजदीक आते देखकर भागने का प्रयास करने पर स्टाफ ने घेर कर पकड़ा व पूछताछ हेतु पोस्ट पर लेकर आए। पूछताछ में उसने अपना नाम रेहमान (नाम बदला हुआ) उम्र 10 वर्ष,निवासी- गोपचर पाड़ा विरार (पूर्व) बताया व बताया कि वह खेलने के लिए ट्रेक पर आया था और तेज गाड़ी को आते देख वह गाडी पर पत्थर मार दिया था। उक्त संबंध में आरपीएफ विरार ने गार्ड शैलेंद्र दिवाकर से व टिकट चेकिंग स्टाफ रंजीत रंजन से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि उक्त गाड़ी के सी/1 कोच में पूर्व तरफ से एक पत्थर लगा, जिससे कांच की पहली परत क्षतिग्रस्त हो गई थी जबकि अंदर की परत सही थी, जिसमे किसी यात्री को कोई नुकसान या चोट नही आयी। उसके बाद उक्त नाबालिक के माता रुकसाना अंसारी उम्र 45 वर्ष को पोस्ट पर बुलाया उसका बयान दर्ज कर,बंधक पत्र पर लिखवाकर उक्त बालक को व उसकी माता को समझा कर उसे सुपुर्द किया गया।उसके बाद आरपीएफ विरार ने गोचर पाड़ा विरार (पूर्व ) में जाकर उक्त एरिया के मुखिया यूथ अध्यक्ष सोहिल शेख के द्वारा सभी को इकठ्ठा कर उन्हे गाड़ियों पर पत्थर नहीं मारने बाबत समझाया व जागरूकता अभियान चलाकर चेतावनी संदेश दिया।




# बढ़ते नशे के कारोबार से बर्बाद हो रही युवाओ की जिंदगी,
## पुलिस की कार्रवाई में ड्रग्स सप्लायर पत्नी गिरफ्तार पति फरार



**मुंबई :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत अलग-अलग दो पुलिस स्टेशन द्वारा ड्रग्स मामले में कार्रवाई की है। जिसमे 3 आरोपी को गिरफ्तार किया है,जबकि 2 आरोपी फरार बताए जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार,नालासोपारा पूर्व के तुलिंज क्षेत्र से तुलिंज पुलिस ने 11.30 ग्राम ब्राउन शुगर जप्त किया है। जिसकी कीमत 1.13 लाख रुपये बताई गई है।इस मामले में पुलिस ने एक महिला ज्योति म्हात्रे को गिरफ्तार किया,जबकि उसका पति अजय म्हात्रे फरार बताया जा रहा है।उपरोक्त घटना में तुलिंज पुलिस स्टेशन ने पति-पत्नी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

वही दूसरी घटना ; विरार पुलिस ने ओल्ड विवा कॉलेज के पास विरार पश्चिम के खाली मैदान स्थित एम.डी ड्रग्स विक्री मामले में दो आरोपी ओमकार तुलसकर व मोनिश वेग को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से 9,550 ग्राम वजन एम.डी ड्रग्स बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में एक आरोपी फरार है,जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ विरार थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# भाजपा महाराष्ट्र को भी मणिपुर जैसा राज्य बनाना चाहती है - नाना पटोले

**मुंबई :** महाराष्ट्र शिवराय, शाहू, फुले और आंबेडकर की सोच की भूमि है लेकिन भाजपा इस राज्य में संभाजी भिड़े जैसे लोगों को आगे कर माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दोहराया कि क्या भाजपा महाराष्ट्र को भी मणिपुर जैसा राज्य बनाना चाहती है। यह आरोप कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही भाजपा राज्य के लोगों को भड़काने की कोशिश कर रही हो, लेकिन वे ऐसी साजिश का शिकार नहीं होंगे।

मनोहर कुलकर्णी उर्फ संभाजी भिड़े रोजाना कई महान व्यक्तियों का लगातार अपमान कर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं



कर रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, साई बाबा के बारे में आपत्तिजनक बयान दिए जाने के बावजूद भिड़े खुलेआम घूम रहे हैं। भाजपा ने संभाजी भिड़े को महापुरुषों का अपमान करने का लाइसेंस दे दिया है क्या? ऐसा सवाल भी पटोले ने किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भिड़े की गिरफ्तारी की मांग पर कायम है।

विधान भवन परिसर में कल मीडिया से बात करते हुए पटोले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार संभाजी भिड़े का समर्थन कर रही है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस संभाजी भिड़े को गुरुजी कहकर संबोधित कर रहे हैं। भिड़े को पुलिस ने सुरक्षा भी दी है। पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और पूर्व मंत्री यशोमति ठाकुर को जान से मारने की धमकी दी है। लोगों को मारना वैष्ठसा हिंदुत्व है। इस तरह का हिंदुत्व फडणवीस को स्वीकार्य है क्या? पत्रकारों ने जब बेस्ट कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर सवाल पूछा तो नाना पटोले ने कहा कि जी-२० सम्मेलन के नाम पर मुंबई शहर में बड़ी सजावट की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी-बड़ी तस्वीरें लगाई गईं। नाले का पानी दिखाई न दे इसके लिए बड़े-बड़े पर्दे लगाए गए और सड़क पर लाइटें लगाई गईं। इस सजावट पर करोड़ों रुपए बर्बाद किए गए हैं। ऐसी रिपोर्ट है कि सौंदर्यीकरण के नाम पर ३ हजार ५०० करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। सरकार और प्रशासन जनता का पैसा तो बर्बाद करना चाहती है, लेकिन कर्मचारियों को नहीं देना चाहती, इसीलिए आज बेस्ट कर्मचारियों को सड़कों पर उतरने का समय आ गया है।

## आरपीएफ ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार



**नालासोपारा :** रेलवे सुरक्षा बल नालासोपारा द्वारा सीसीटीवी के जरिए एक 35 वर्षीय मोबाइल चोर को पकड़कर उसे जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार,27 जुलाई 2023 को नालासोपारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.2 से एक यात्री का मोबाइल चोरी की घटना सामने आई थीं। 1 अगस्त को सी.पी.डी.एस टीम नालासोपारा ए.एस.आई भगवान सिंह गुर्जर, सी.टी संजय कुमार एवं ऑन ड्यूटी स्टाफ सी.टी अर्जुन लाल सैनी,सी.टी नीरज जांगिड़ द्वारा नालासोपारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.1 से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। ए.एस.आई भगवान सिंह गुर्जर द्वारा उससे पूछताछ की तो आरोपी सुशील प्रकाश पवार ने मोबाइल चोरी का अपराध स्वीकार कर लिया।

# डेंगू, मलेरिया, लेप्टो और स्टमक फ्लू का आतंक !




**मुंबई :** मुंबई मनपा की ओर से तमाम तैयारियों के बावजूद मौसमी बीमारियां कंट्रोल से बाहर होती जा रही हैं। शहर में डेंगू, मलेरिया, लेप्टो और स्टमक फ्लू जैसे रोग का आतंक तेजी से बढ़ रहा है। इन रोगों से त्रस्त मुंबईकर पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं। ऐसे में मौजूदा स्थितियों को देखते हुए यह साफ दिखाई दे रहा है कि मौसमी बीमारियों से मुंबई मनपा हार गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने की तुलना में इस माह बीमारियों का ग्राफ दो से तीन गुना बढ़ गया है।

### ये हैं मरीजों के आंकड़े

मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक १ जुलाई से ३० जुलाई के बीच मलेरिया के ७२१, डेंगू के ५७९, स्टमक फ्लू के १,६४९, लेप्टो के ३७७, स्वाइन फ्लू के ८६, चिकनगुनिया के २४ और हेपेटाइटिस के १३८मामले दर्ज किए गए हैं। मनपा की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह ने बताया कि इस साल मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनके शिकार मरीजों को ओपीडी बेसिस पर इलाज कर ठीक किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ५६ शिविर आयोजित किए गए, जिसमें संदिग्ध मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया गया। डॉ. शाह ने बताया कि रिपोर्टिंग यूनिट की संख्या २२ थी, जो अब बढ़कर ८८० हो गई है। इनमें मनपा दवाखाना, अस्पताल, हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना, अतिरिक्त निजी लैब और निजी अस्पताल शामिल हैं। इन यूनिट्स के माध्यम से स्क्रीनिंग और ट्रेसिंग किए जाने से मरीजों की संख्या अधिक दर्ज की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में 2 की मौत व 3 जख्मी




**वसई :** पेल्हार पुलिस स्टेशन अंतर्गत सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की दर्दनाक मौत,जबकि 3 लोग जख्मी होने की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के ऊपर कलम 304 (अ) व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई अहमदाबाद महामार्ग रोड, इंडियन पेट्रोल पंप,डोंगर मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन चालक द्वारा तेज रफ्तार व सड़क नियमों की अनदेखी करते हुए पैदल जा रहे 5 लोगो को जोरदार ठोकर मारा। हादसे में दो लोगों (बिलाल अहमद अब्दुल करीम चौधरी व वाजीद मो. अस्लम शेख ) की मौत हो गयी।जबकि,3 लोगो (मो. सुफियान,मो. अफजल व शाहिद ) गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक पर उपरोक्त कलम के तहत केस दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है।

## पालघर पुलिस की बड़ी कार्रवाई.. दो आरोपियों को गिरफ्तार करके 5 मामलों का किया खुलासा

**पालघर :** मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में दो चोर को पालघर लोकल क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। चोर की गिरफ्तारी से 5 मोटरसाइकिल की चोरी का खुलासा हुआ है और 5 मोटरसाइकिल जप्त किया गया है,जिसकी कुल कीमत 1,25,000 रुपये बताई गयी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार चोर का नाम संतोष बापुराव पाटील व गणेश छोटू मोरे है।यह कार्रवाई पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील के मार्गदर्शन में लोकल क्राइम ब्रांच के पुलिस निरीक्षक अनिल विभुते की टीम ने की है।




# रक्षा बंधन पर मुस्लिम महिलाओं से मिलें एनडीए सांसदः मोदी

## प्रधानमंत्री ने मीटिंग में दिए निर्देश, समाज के हर तबके से जुड़ने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने NDA सांसदों को रक्षाबंधन के दौरान मुस्लिम महिलाओं से मिलने के लिए कहा है। पीएम ने सांसदों से कहा कि रक्षाबंधन के दौरान कार्यक्रम आयोजित करें और मुस्लिम महिलाओं तक पहुंच बढ़ाएं। न्यूज एजेंसी PTI ने सूत्रों के हवाले से बताया कि मोदी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के कुछ सांसदों के साथ हुई मीटिंग में यह बातें कहीं। मीटिंग में मौजूद कुछ सांसदों ने बताया कि पीएम मोदी ने समाज के हर तबके से जुड़ने पर जोर दिया।



### पीएम बोले- ट्रिपल तलाक बैन होने से महिलाओं को मिली राहत

मीटिंग में पीएम मोदी ने ट्रिपल तलाक बैन करने के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इस फैसले से मुस्लिम महिलाओं को काफी राहत मिली है। संसद ने 2019 में ट्रिपल तलाक को बैन करने के लिए बिल पास किया था। इसके बाद तीन तलाक देना अपराध बन गया, जिसके लिए पति को जेल भी हो सकती है। पिछले मन की बात कार्यक्रम में भी पीएम मोदी ने मुस्लिम महिलाओं के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था कि सरकार के हज पॉलिसी में बदलाव करने के बाद हज जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। इस साल 4 हजार मुस्लिम महिलाओं ने बिना महरम (पति या पुरुष रिश्तेदार) के हज किया है। सोमवार को पीएम मोदी ने पश्चिमी यूपी, कानपुर और बुंदेलखंड रीजन के 45 एनडीए सांसदों के साथ भी मीटिंग की। मीटिंग में प्रधानमंत्री और दूसरे सीनियर भाजपा नेताओं ने समाज के अलग-अलग तबकों के लिए किए जा रहे कामों के बारे में बताया।

## अजित पवार ने राजीव गांधी से की मोदी की तुलना

### बोले- पूर्व पीएम की इमेज मिस्टर क्लीन की थी, नरेंद्र मोदी की भी वही छवि



**पुणे।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की तुलना मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है। अजित ने कहा, राजीव गांधी को 'मिस्टर क्लीन' के नाम से जाना जाता था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी वही इमेज है। पिछले महीने हुक्क को तोड़कर भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल होने वाले पवार ने मंगलवार को पुणे में एक कार्यक्रम में यह बात कही। पवार ने आगे कहा, हम पिछले 9 साल से पीएम मोदी का काम देख रहे हैं। इंटरनेशनल लेवल पर मोदी जैसी लोकप्रियता वाला कोई दूसरा नेता नहीं है। बुनियादी ढांचे के मामले में उन्होंने जो काम किया है, उसे देखिए, भारत को दुनिया में अलग तरह का सम्मान मिलता है।

# हरियाणा हिंसा में 6 मौतें, बजरंग दल-विहिप का प्रदर्शन

## सुप्रीम कोर्ट बोला- हेट स्पीच ना दी जाए, संवेदनशील इलाकों की वीडियो रिकॉर्डिंग हो



**नूंह।** हरियाणा के नूंह (मेवात) में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत गई है। इनमें 2 होमगार्ड, नूंह के भादस गांव का शक्ति, पानीपत का अभिषेक, गुरुग्राम के इमाम और एक अज्ञात शामिल है। नूंह में सोमवार को भड़की हिंसा के दो दिन बाद भी कर्फ्यू जारी है। गुरुग्राम, पलवल जिले में तनाव है। गुरुग्राम पुलिस ने कहा कि छोटे-छोटे ग्रुप हिंसा फैलाने का काम कर रहे हैं।

नूंह की हिंसा के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली-NCR के 23 इलाकों में रैलियां करने का ऐलान किया। कई इलाकों में प्रदर्शन जारी है। इन्हें रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। अदालत ने सुनवाई करते हुए अधिकारियों को आदेश दिया कि रैलियों के दौरान हेट स्पीच या हिंसा न होने दें। संवेदनशील इलाकों में CCTV कैमरे लगाएं और उनके फुटेज सुरक्षित रखें। जरूरी लगने पर अतिरिक्त पुलिस या पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करें।

नूंह हिंसा में अब तक 26 FIR दर्ज हुई हैं और 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुग्राम में 15 FIR दर्ज की गई हैं और 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा के DGP पीके अग्रवाल ने कहा कि मोनू मानेसर के वीडियो समेत हिंसा से जुड़े हर तथ्य की जांच होगी।

# बिरसिंहपुर पाली पॉवर प्लांट से में शुरू हो गया ओव्हर लोड राखड़ परिवहन का खेल

**उमरिया।** सत्ता बदली, मंत्री बदले, अधिकारी तंत्र भी बदला लेकिन बदला संजय गांधी ताप विद्युत परियोजना से ओवरलोड राखड़ की परिवहन का खेल। उमरिया जिले के संजय गांधी पॉवर प्लांट से विभिन्न सीमेंट फैक्ट्रियों में राखड़ का ओवरलोड परिवहन धड़ल्ले से जारी है। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में स्थित संजय गांधी ताप विद्युत परियोजना से कई सीमेंट फैक्ट्रियों में परिवहन किये जाने वाले राखड़ वाहनों से प्रबन्धन व जिम्मेदार अधिकारियों के मिलीभगत से ओवरलोड परिवहन किया जा रहा है। ओवरलोड वाहन चलन को बंद करने के लिए न्यायालय द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं इन्हीं नियमों को धता बताकर सीमेंट फैक्ट्रियां व पॉवर प्लांट प्रबंधन मिलीभगत कर ओवरलोड वाहन चालन को मूक सहमति दिए हुए हैं जिससे आये दिन सड़क दुर्घटना में इजाफा होते जा रहा है। साथ ही सड़कों की दुर्दशा भी हो रही है। जब कि सूत्र बताते हैं कि ये सारा कार्य धरम कांटा में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी के मिलीभगत से कार्यों को अंजाम दिया जाता हैं जब कि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि कुछ लोगो की सेटिंग से जल्दी गाड़ियों का नंबर भी लगा दिया जाता है इन सभी चीजों की जानकारी संजय गांधी पॉवर प्लांट के मुख्य अभियंता तक पहुँचने के बाद भी कोई कार्यवाही या कानो में जु तक नही रेंगता। जानकारी के मुताबिक राखड़ के इन वाहनों में निर्धारित भार क्षमता से अधिक राखड़ लोड कराया जाता है। जिसमें प्रबन्धन के अधिकारियों की भूमिका रहती है। कहने के लिए पॉवर प्लांट में खुद परियोजना के दो व एक प्राइवेट कांटा घर भी है जहां इन वाहनों की जांच होने के बावजूद ओवरलोड परिवहन कराया जाता है। जब इस सम्बंध में लोगो कस कहना है कि ओवरलोड राखड़ परिवहन से सड़को क्षति होती है सड़क आज गड्ढों नुमा हो गयी है और इसका हम लोग लगातार विरोध करते चले आ रहे है लेकिन यहां के अधिकारी सांठ-गांठ कर ओवरलोड बंद नहीं कराते। मामले में जब यहां के मुख्य अभियंता वीके कैलाशिया सहित अन्य से लगातार बात करने का प्रयास किया गया तो सभी बचते नजर आए। वहीं पाली थाना एसडीओपी डॉ जितेंद्र सिंह जाट ने कहा कि यदि इस तरह यदि हो रहा होगा तो मामले की जांचकर ओव्हर लोड के विरुद्ध सख्ती से कारवाई की जाएगी। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि इस पॉवर प्लांट प्रबंधन के अधिकारियों के द्वारा सम्बंध में आगे क्या कार्रवाई की जाती है। या इसी तरह से पॉवर प्लांट से ओव्हर लोड राखड़ परिवहन कस खेल चलता रहेगा। आपको बता दें कि पॉवर प्लांट से लोड किया गया राखड़ उमरिया मुख्यालय से होते हुए यातायात के क्षेत्र से गुजर कर सीमेंट फैक्ट्रियों में पहुंचता है।

**ओव्हर लोड राखड़ परिवहन सड़क बना तालाब लोगों के जान का बना जंजाल**

# शक्ति दीदी विशेष अभियान लगातार जारी

## हेल्प लाइन नम्बरों को लेकर बालिकाओं को किया जागरूक



**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा बलिकाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिए जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु मिशन महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल व थाने पर नियुक्त महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के बीट, गांव, स्कूल, कॉलेज, पंचायत भवन, प्रमुख चौराहा, बाजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर अपराध सम्बन्धित जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति कार्यक्रम शक्ति दीदी के तहत बालिकाओं तथा महिलाओं की नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन अभियान के बारे में जागरूक किया गया तथा बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बरों में 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

# एसपी ने किया कोतवाली सदर का निरीक्षण

**ललितपुर।** नवांगतुक पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा सदर कोतवाली का रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए थाना परिसर में समुचित रोशनी की व्यवस्था कराने, कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मेस, बैरक, महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया।



सम्पूर्ण थाना परिसर को स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को बेहतर व अद्यावधिक करते हुए व्यवस्थित रखरखाव एवं मुकदमों से संबंधित मालों का निस्तारण एव रखरखाव, थाने में निर्माणाधीन गेट एव वाउड्री बाल का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये तथा विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा इमरान अहमद एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।




# शारजाह जेल से रिहा होकर मुंबई पहुंचीं क्रिसन परेरा,

## ड्रग्स तस्करी के आरोप में हुई थीं अरेस्ट

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस क्रिसैन परेरा संयुक्त अरब अमीरात की शारजाह जेल से रिहाई मिलने के भारत लौट आई हैं। एक्ट्रेस को 1 अप्रैल को ड्रग्स तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक्ट्रेस शारजाह से मुंबई लौट आई हैं। उन्होंने कहा कि वह मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। महेश भट्ट द्वारा निर्देशित बॉलीवुड फिल्म सड़क 2 में अभिनय करने वाली परेरा (27) को 1 अप्रैल क ो



शारजाह हवाई अड्डे पर एक स्मृति चिन्ह के अंदर ड्रग्स पाए जाने के बाद पकड़ा गया था। एक्ट्रेस को अवॉर्ड ट्रॉफी में ड्रग्स भरकर ले जाने के मामले में शारजाह पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। क्रिसैन परेरा के मुंबई लौटने पर उनके भाई केविन परेरा ने खुशी जाहिर की और सोशल मीडिया पर वीडियो भी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'क्रिसैन आखिरकार वापस लौट आई है और हमसे मिली, मुझे पता है कि मैंने जून में बताया था कि वो वापस आ जाएगी, लेकिन इसमें थोड़ा ज्यादा वक्त लग गया और अंत में लौट आई है।' मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस साल अप्रैल में ड्रग-तस्करी के मामले में एक्ट्रेस क्रिसैन परेरा को फंसाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें बोरीवली स्थित एक बेकरी के मालिक एंथोनी पॉल (35 साल) और उनके साथी बैंकर राजेश बोभाटे (34 साल) का नाम शामिल है। उन्हें पूछताछ में बताया कि उन्होंने ट्रॉफी में ड्रग्स छुपाकर रख दिया था। एक्ट्रेस क्रिसैन परेरा को अनजाने में जाल में फंसाया गया था।

# अगर कोई चुप है तो इसका यह मतलब नहीं कि...,

## जैकलीन फर्नांडीज के वकील ने नोरा फतेही को लगाई लताड़





**नोरा** फतेही बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन हैं। वह अपनी अदाओं से फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। नोरा फतेही ने सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग में क्लीन चिट मिलने के बाद एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस पर मानहानि का केस दर्ज कराया था। उन्होंने मानहानि केस में कई खुलासे किए हैं। नोरा का कहना है कि उन्हें सुकेश चंद्रशेखर मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाया जा रहा है। उनका केस में शामिल किसी शख्स से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में अब एक्ट्रेस को जैकलीन फर्नांडिस के वकील ने दो टूक जवाब दिया है।

**जैकलीन के वकील ने नोरा को लताड़ा**

नोरा का कहना है कि इस केस में उनको गोल्ड डिगर कहा गया है। उनका नाम सुकेश चंद्रशेखर के साथ जोड़ दिया गया ताकि मेन मुद्दे से ध्यान भटकाया जा सके। सुकेश चंद्रशेखर मामले में पुलिस नोरा फतेही और चाहत खन्ना से भी लगातार पूछताछ कर रही है। वहीं जैकलीन फर्नांडीज से तो लगातार पूछताछ हो ही रही है। अब जैकलीन फर्नांडज के वकील ने नोरा फतेही को लताड़ लगाई है।

**ऐसा करना कोर्ट का अपमान**

बता दें कि जैकलीन ने मामले की गंभीरता को समझ रही हैं और इसी वजह से अभी तक उन्होंने इस मामले पर कोई सफाई नहीं दी है। अब एक्ट्रेस के वकील ने नोरा लेकर कहा, 'अगर कोई चुप है तो इसका यह मतलब नहीं है कि उन्हें किसी भी तरह के कानूनी मामले में घसीटा जाए। कोई भी आर्ग्यूमेंट ज्युडिशियल फोरम के आगे लिखा जाता है न कि उसे पब्लिक में बोला जाता है।' जैकलीन के वकील ने ऐसा करना कोर्ट का अपमान बताया है और न्यायिक व्यवस्था की इज्जत करने की सलाह दी है।

# लोगों को पसंद आया अक्षय कुमार की फिल्म का ट्रेलर, CBFC की हुई छीछालेदर

**अक्षय** कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म ओह माय गॉड 2 रिलीज के बेहद करीब है। फिल्म को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवादों में फंसे होने की खबर आ रही है। सीबीएफसी ने भी ओह माय गॉड 2 को सर्टिफिकेट देने से पहले काट- छांट की। कई परेशानियों में उलझी ओह एम जी 2 का अब ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ओह माय गॉड साल 2012 में आई थी। परेश रावल और अक्षय कुमार स्टारर इस फिल्म को काफी पसंद किया गया। ऐसे में फिल्म के सिक्वेल ओह माय गॉड 2 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वहीं, अब मेकर्स ने लोगों के इंतजार को खत्म करते हुए ट्रेलर को रिलीज कर दिया है, जो दर्शकों को पसंद आ रहा है। ट्रेलर को काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रहा है। ट्विटर पर ओह माय गॉड 2 की



तारीफ करते हुए एक यूजर ने कहा, ''ओह माय गॉड 2 का ट्रेलर ब्लॉकबस्टर है। अक्षय कुमार, यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी की केमिस्ट्री जबरदस्त है। एजुकेशन पर बनी ये फिल्म प्रभावित करने वाली है।'' एक अन्य यूजर ने कहा, ''फिल्म का कॉन्सेप्ट बेहद खास है और हमारे समाज के लिए जरूरी है। इस साल बॉलीवुड की तरफ सबसे अच्छी फिल्म है। हर हर महादेव।'' सीबीएफसी को फटकार लगाते हुए एक यूजर ने कहा, ''ओह माय गॉड 2 का ट्रेलर बहुत अच्छा है। फिल्म देखने का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। सीबीएफसी को शर्म आनी चाहिए कि उन्हें इस फिल्म से कई सारी दिक्कतें है, जबकि उन्होंने आदिपुरुष को पास कर दिया था। अक्षय कुमार मुझे यकीन है कि ये फिल्म कोई चमत्कार करेगी।'' गदर 2 के साथ ओएमजी के टक्कर की बात करते हुए एक यूजर ने कहा, ''ये तो पक्का है कि गदर 2 को बॉक्स ऑफिस पर टक्कर जरूर मिलेगी।''

# 'पिता सलीम और मां सलमा कभी नहीं हो सकते अलग, Arbaz Khan ने सौतेली मां हेलन को लेकर कहा - 'उन्होंने कभी...'

**सलीम** खान ने 1981 में हेलेन से दूसरी शादी की थी. उस वक्त वो न सिर्फ पहले से शादीशुदा थे बल्कि चार बच्चों सलमान खान, अरबाज खान, सोहेल खान और अलवीरा खान के पिता भी थे. ऐसे में जब वो हेलेन को घर लाए तो सभी ये सोचने लगे कि उनका परिवार हेलेन को एक्सेप्ट कर पाएगा या नहीं. हालांकि अब इतने सालों बाद सबकुछ साफ है. सलीम के परिवार ने न सिर्फ हेलेन को एक्सेप्ट किया बल्कि अब वो सभी साथ में हंसी खुशी रहते हैं. अब हाल ही में अरबाज खान ने हेलेन और उनके परिवार के बारे में बताया है, साथ ही उन्होंने ये भी खुलासा किया कि हेलेन को कभी भी उनके पिता सलीम ने उनपर नहीं थोपा बल्कि हर निर्णय समझदारी से लिया. बॉलीवुड बबल से हुई बातचीत में अरबाज खान ने हेलेन के बारे में बात करते हुए बताया, 'हेलेन आंटी ने कभी भी हमें अलग करने की कोशिश नहीं की.' उन्होंने आगे





कहा, 'वो जानते थे कि इन बच्चों के लिए उनकी मां बहुत जरुरी है. उन्होंने कभी भी हमें अलग करने की कोशिश नहीं की. वो बस इस बात से खुश थीं कि उनके जीवन में कोई है और वो वहां रहेगा. वो जानती थीं कि उस शख्स का अपना परिवार उनकी पत्नी और उनके बच्चे हैं, वो उन्हें परेशान नहीं करना चाहती थीं.' अरबाज खान ने आगे बताया कि उनकी मां के लिए ये कठिन था लेकिन वो दूसरी चीजों की वजह से आगे बढ़ीं. जैसे कि उनके बच्चों और जिस सिचुएशन में वो थीं. उनके माता-पिता ने कई परेशानियां उठाई जिसके बाद उन्हें साथ रहने का मौका मिला. वो इन सब से गुजरे हैं और उबरे भी. अरबाज ने आगे बताया कि उनके पिता को उनकी मां का हाथ पकड़ना और उनके साथ घंटों टाइम स्पेंट करना अच्छा लगता है. मेरे पिता आज भी मां का हाथ पकड़कर बैठते हैं वो बहुत अच्छा लगता है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .